कार्यालय आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
ब्लॉक डी, भूतल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर (छ0ग0)

क्रमांक/आदि0यो0/हॉस्पि–12/2026–27/ नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक

हॉस्पिटैलिटी एवं होटल मैनेजमेंट तथा अन्य पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण योजनांतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित

करने हेतु विज्ञप्ति का प्रकाशन

–0–

अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवक/युवतियों के लिए ''हॉस्पिटैलिटी एवं होटल मैनेजमेंट, साईस इन हेल्थ, न्यूट्रिशिन एंड डायबिटीक नेचुरोपैथी एवं योगा साईस, एस्थियोलॉजी'' पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण दिया जाना है। वर्ष 2026–27 के लिये हॉस्पिटैलिटी एवं होटल मैनेजमेंट एवं अन्य प्रशक्षिण पाठ्यक्रमों में कैरियर बनाने की आकांक्षा रखने वाले प्रदेश के युवक/युवतियों से दिनांक **25.11.2026** समय शाम 05:00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

2/ आवेदन पत्र पंजीकृत डाक द्वारा अथवा अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में उपस्थित होकर जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय पश्चात् प्राप्त आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

3/ उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत कुल 100 छात्र/छात्राओं (अभ्यर्थियों) को लाभान्वित किया जायेगा। यह प्रशिक्षण पूर्णकालिक होगा एवं प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण अवधि में अन्यत्र किसी नियमित पाठ्यक्रम अथवा नौकरी/व्यवसाय करने की अनुमति नहीं होगी। प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण व्यय विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। यह प्रशिक्षण आवासीय है। प्रशिक्षण में छात्रावास एवं मेस की सुविधा भी निःशुल्क होगी। प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षण देने वाली संस्था द्वारा जॉब प्लेसमेन्ट की प्रक्रिया से प्रशिक्षण से संबंधित जॉब भी उपलब्ध करायी जायेगी। योजनांतर्गत आवेदन पत्र का प्रारूप, नियम शर्ते एवं अन्य जानकारी विभाग की वेबसाईट **https://eklavya.cg.nic.in/** पर उपलब्ध है।

(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)

Digitally signed by
ACHCHHE RAM NAVRANG
Date: 04-11-2026
13:11:31

अपर संचालक
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

कार्यालय आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
ब्लॉक डी, भूतल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

क्रमांक / आदि0यो0 / हॉस्पि–12 / 2026–27 / नवा रायपुर अटल नगर

अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु हॉस्पिटैलिटी एवं होटल मैनेजमेंट, हॉलिस्टिक साईस इन हेल्थ, न्यूट्रिशिन एंड डायबिटीक, नेचुरोपैथी एवं योगा साईस, एस्थियोलॉजी पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण हेतु नियम एवं शर्ते

1. **लाभान्वितों की सं ख्या –** योजनांतर्गत कुल 100 छात्र / छात्राओं (अभ्यर्थियों) को लाभान्वित किया जायेगा जिसमें प्रत्येक कोर्स हेतु अधिकतम 25 छात्रों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। बजट उपलब्धता के आधार पर लक्ष्य परिवर्तनशील होगा।

2. **हॉस्पिटैलिटी एवं होटल मैनेजमेंट का प्रशिक्षण** – यह प्रशिक्षण पूर्णकालिक होगा एवं प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण अवधि में अन्यत्र किसी नियमित पाठ्यक्रम अथवा नौकरी / व्यवसाय करने की अनुमति नहीं होगी।

3. **प्रशिक्षण व्यय एवं आवासीय सुविधा –** चयनित किए गए समस्त प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण व्यय तथा प्रशिक्षणार्थियों को छात्रावास में रहने एवं मेस व्यवस्था हेतु प्रशिक्षण प्रदाता संस्था को अनुबंध के अनुसार राशि प्रदान की जायेगी ।

4. **चयन प्रक्रिया –** प्रथम स्क्रीनिंग में प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण किया जायेगा तथा नियमानुसार योग्यता पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों में से निर्धारित लक्ष्य का **अधिकतम डेढ़ गुना अभ्यर्थियों को काउन्सलिंग / साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। प्रथम स्क्रीनिंग पश्चात कक्षा 12वीं के प्रावीण्यता का 80 प्रतिशत तथा काउन्सलिंग / साक्षात्कार का 20 प्रतिशत वेटेज के आधार पर अभ्यर्थियों का अंतिम** चयन प्रशिक्षण हेतु किया जायेगा। काउसिलिंग / साक्षात्कार हेतु आवेदक को स्वयं के व्यय पर उपस्थिति होना होगा।

5. विज्ञापन प्रकाशन के पश्चात् अभ्यर्थियों का अनन्तिम चयन (Provisional Selection) किया जायेगा। अपरिहार्य कारणों से इसे निरस्त भी किया जा सकेगा।

6. **अनिवार्य शर्ते :–**

   6.1 अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना चाहिए।

   6.2 अभ्यर्थी की जाति छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जनजाति की घोषित सूची में सम्मिलित होना चाहिए।

   6.3 अभ्यर्थी की आयु (**01.01.2026 की स्थिति में**) 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

6.4 अभ्यर्थी को मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम हायर सेकेण्डरी (10+2) परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत अथवा अधिक अंक के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए ।

6.5 अंग्रेजी बोलने एवं लिखने की न्यूनतम दक्षता होनी चाहिए तथा 10+2 स्तर में अंग्रेजी एक विषय होना चाहिए, जिसमें उत्तीर्ण होना चाहिए ।

6.6 आंखों की रोशनी सामान्य एवं लम्बाई के अनुपात में वजन होना चाहिए तथा शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए ।

6.7 अनुसूचित जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु निर्धारित आय सीमा अनुसार परिवार की समस्त स्त्रोतों से आय रू. 2.50 लाख से अधिक नहीं होना चाहिए।

6.8 प्रशिक्षण अवधि एक वर्ष होगी, (09 माह की कक्षायें एवं 03 माह Out Door study) जिसमें क्लास रूम, लायब्रेरी, फिटनेस, ग्रुमिंग एवं इंग्लिश स्पीकिंग पर कक्षाएं संचालित की जावेगी एवं किसी स्थानीय या आऊटसोर्स प्रतिष्ठित कंपनी/संस्थान में ऑन–जॉब प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा । क्लास रूम एवं ऑन–जॉब प्रशिक्षण की अवधि डिप्लोमा पाठ्यक्रम हेतु निर्धारित मापदण्ड के अनुसार होगी।

नोट :– निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।

(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)

Digitally signed by
ACHCHHE RAM NAVRANG
Date: 03-11-2026
12:39:49

अपर संचालक
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

<u>हॉस्पिटैलिटी एवं होटल मैंनेजमेंट,</u> साईस इन हेल्थ, न्यूट्रिशिन एंड डायबिटीक, नेचुरोपैथी एवं योगा साईस, एस्थियोलॉजी पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण योजनान्तर्गत

<u>आवेदन पत्र का प्रारूप वर्ष 2026–27</u>

प्रति,

आयुक्त,
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
ब्लाक डी, भूतल इन्द्रावती भवन
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

नवीनतम रंगीन फोटो चिपकाएं।

स्टेपल न करें

विषय :– वर्ष 2026–27 के लिए हॉस्पिटैलिटी एवं होटल मैंनेजमेन्ट तथा अन्य पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत विज्ञापन के संबंध में मेरा विवरण निम्नानुसार है :–

1 नाम – .....

2 पिता/अभिभावक का नाम – .....

3 पिता/अभिभावक का व्यवसाय – .....

4 माता का नाम – .....

5 माता का व्यवसाय – .....

6 आवेदक के छ0ग0 में जनजाति वर्ग की सूची में जाति/उपसमूह का नाम

अनुसूचित जनजाति ☐ उपजाति का नाम .....

(√) टिक करें **(सक्षम अधिकारी का स्थायी जाति प्रमाण पत्र तथा सत्यापित जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करें)**

7 जन्म तिथि – (अ) अंको में .....

(ब) शब्दों में .....

8 आयु – **(01.01.2026 की स्थिति में)** वर्ष ..... माह ..... दिन .....

(कक्षा 10वीं बोर्ड का प्रमाण पत्र संलग्न करें)

9 छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है – हां ☐ नहीं ☐

(√) टिक करें (सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करें)

10 परिवार की समस्त स्त्रोतों से कुल आय .....

(सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें), सेवारत् कर्मचारी की पुत्र/पुत्री नियोक्ता का आय प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करें।

11 पत्र व्यवहार का पता –

.....

.....

12 स्थायी पता एवं दूरभाष नम्बर –

.....

.....

.....मो0नम्बर.....

13 शारीरिक विवरण – .....

(अ) ऊंचाई–सेमी में ☐ फीट में ☐

(ब) वजन–कि.ग्रा. में ☐

(स) आंख की दृष्टि क्षमता–बिना चश्मा के ☐

(द) आंख की दृष्टि क्षमता–चश्मा के साथ ☐

(इ) कोई गंभीर बीमारी हो तो विवरण .....

14 शैक्षणिक योग्यता का विवरण–(प्रमाण–पत्र संलग्न करें)

	परीक्षा का नाम	बोर्ड का नाम	विषय समूह का नाम	स्कूल का नाम	उत्तीर्ण करने का वर्ष	प्रतिशत	अध्ययन का माध्यम
1	10वीं						
2	12वीं						

15 **आवेदन प्रारूप के साथ संलग्न की जाने वाले अनिवार्य प्रमाण पत्र – (√) टिक करें।**

15.1 कक्षा 10वीं परीक्षा का प्रमाण पत्र। ☐

15.2 कक्षा 12 वीं परीक्षा का प्रमाण पत्र। ☐

15.3 छत्तीसगढ़ का मूल निवास प्रमाण पत्र। ☐

15.4 छत्तीसगढ़ राज्य के स्थायी जाति प्रमाण पत्र। ☐

15.5 पालक/अभिभावक का आय प्रमाण पत्र। ☐

16. सूचना भेजने हेतु ई–मेल आई.डी. (यदि कोई हों) .....

मोबाईल/फोन नम्बर अनिवार्यतः भरें .....

मैं ..... पिता/अभिभावक श्री .....

निवासी.....

प्रमाणित करती/करता हूं कि उपरोक्त दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सत्य है। यदि जानकारी असत्य पाई जाती है तो मेरा चयन निरस्त माना जावेगा।

दिनांक .....

आवेदक/आवेदिका का हस्ताक्षर